खबर संक्षेप

रिलायंस एमजे क्षेत्र से प्राकृतिक गैस का उत्पादन शुरू करेगी

नई दिल्ली। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड चालू तिमाही में केजी-डी6 ब्लॉक में अपनी सबसे गहरे पानी की खोज एमजे फील्ड से प्राकृतिक गैस का उत्पादन शुरू करेगी। कंपनी ने एक निवेशक प्रस्तुती में यह जानकारी दी। आंध्र तट के करीब स्थित केजी-डी6 भारत का एकमात्र गहरे पानी का ब्लॉक है, जिसमें उत्पादन हो रहा है।

देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 586.41 अरब डॉलर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 1.65 अरब डॉलर बढ़कर 586.41 अरब डॉलर पहुंच गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। विदेशीमुद्रा भंडार में लगातार दूसरे सप्ताह तेजी रही है। इससे पिछले सप्ताह, देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.30 अरब डॉलर बढ़कर 584.75 अरब डॉलर हो गया था।

क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना का पांचवा चरण शुरू

नई दिल्ली। देश के दूरदराज के क्षेत्रों तक संपर्क को और बढ़ाने के उद्देश्य से सरकार ने शुक्रवार को क्षेत्रीय हवाई संपर्क योजना का पांचवा चरण 'उड़ान 5.0' आरंभ किया। 'उड़ान 5.0' के तहत परियोजना को व्यावहारिक बनाने के लिए वित्तपोषण की व्यवस्था के तहत सीमा 600 किलोमीटर रखी गई है जो प्राथमिकता क्षेत्रों और गैर-प्राथमिकता क्षेत्रों दोनों के लिए समान है।

असम के हजारीगांव गैस क्षेत्र से केयर्न का उत्पादन शुरू

नई दिल्ली। वेदांता समूह की कंपनी केयर्न ऑयल एंड गैस ने कहा कि असम के हजारीगांव स्थित क्षेत्र से परीक्षण उत्पादन शुरू हो गया है। कंपनी ने खोजे गए छोटे क्षेत्र की नीलामी में यह क्षेत्र हासिल किया था। केयर्न ऑयल एंड गैस ने एक बयान में कहा कि हजारीगांव क्षेत्र से उत्पादित गैस को मुख्य ट्रंक पाइपलाइन और एक गैस भंडारण प्रणाली के जरिये असम गैस कंपनी लिमिटेड (एजीसीएल) तक पहुंचाया गया।

एमजी मोटर्स की कुल बिक्री का 30 फीसदी ईवी वाहन होंगे

नई दिल्ली। एमजी मोटर इंडिया को इस साल उसकी कुल बिक्री का 30 प्रतिशत इलेक्ट्रिक वाहन श्रेणी से होने की उम्मीद है। कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक राजीव छाबा ने बताया कि कंपनी अगले महीने अपना दूसरा इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने वाली है।एमजी मोटर इस समय देश में 'जेडएस ईवी' की बिक्री कर रही है।

मानसून अच्छा रहने पर चीजें सुधरेंगी, रिलायंस से 'दिक्कत' नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बाजार में उपभोक्ता उत्पादों की मांग में थोड़ा सुधार हुआ है लेकिन चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं और मानसून अच्छा रहने पर छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में साल की दूसरी छमाही में स्थिति सुधर सकती है।

- छोटे शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में दूसरी छमाही में स्थिति सुधर सकती है

विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनीत अग्रवाल ने यह बात कही है। विप्रो एंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक अग्रवाल ने कहा कि रोजमर्रा के इस्तेमाल के सामान (एफएमसीजी) क्षेत्र में रिलायंस के प्रवेश से कंपनी अनावश्यक रूप से परेशान नहीं है, क्योंकि उपभोक्ता ब्रांड के प्रति प्रतिबद्ध होते हैं।

विप्रो कंज्यूमर केयर का मानना चुनौतियां अब भी बनी हुई

बाजार में थोड़ा सुधार हुआ

अग्रवाल ने कहा कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्धि एफएमसीजी कंपनियों के लिए चुनौती है, हालांकि स्थिति में अब सुधार हो रहा है। अग्रवाल ने कहा कि मांग के नजरिये से बाजार में थोड़ा सुधार हुआ है, लेकिन चुनौतियां कायम हैं।

प्रतिस्पर्धा चुनौतीपूर्ण होगी

मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली रिलायंस के आक्रामक मूल्य निर्धारण के साथ एफएमसीजी खंड में प्रवेश के बारे में पूछे जाने पर अग्रवाल ने कहा कि इस क्षेत्र में सिर्फ दाम ही सबकुछ नहीं होता। हालांकि, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि रिलायंस किसी भी श्रेणी में हो, उससे प्रतिस्पर्धा चुनौतीपूर्ण होती है।

साबुन के दाम पहले ही घटा दिए

विप्रो कंज्यूमर केयर एंड लाइटिंग के पास चंदन साबुन 'संतूर' जैसे ब्रांड हैं। उन्होंने कहा, 'हमने साबुन के दाम पहले ही घटा दिए हैं। जो 100 ग्राम का साबुन पहले हम 38 रुपए में बेच रहे थे, वह अब घटकर 36 रुपए रह गया है।'

लागत मूल्य में कमी आई है

सीईओ ने कहा, 'यह पुराने कोविड-पूर्व के समय की तरह नहीं है। मुझे लगता है कि छोटे शहर और ग्रामीण क्षेत्र अब भी चुनौती हैं, लेकिन चीजों में सुधार हो रहा है। उम्मीद है कि अगर मानसून अच्छा रहता है, तो हम बेहतर दूसरी छमाही देखेंगे। अच्छी बात यह है कि लागत मूल्य में कमी आई है। पिछले साल यूक्रेन युद्ध की वजह से लागत में उछाल आया था। जहां तक बाजार का सवाल है हमें सकारात्मक चीजें दिख रही हैं।'

जीएसटी अधिकारी आपूर्ति श्रृंखला में गुम कड़ी का पता लगाएंगे

जीएसटी चोरी का पता लगाने लिया जाएगा डेटा विश्लेषण का सहारा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) अधिकारी किसी क्षेत्र विशेष की आपूर्ति श्रृंखला में कर चोरी को पकड़ने के लिए डेटा विश्लेषण का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसके जरिये अधिकारी यह पता लगा रहे हैं कि आपूर्ति श्रृंखला में किसी स्तर पर कर अपवंचना तो नहीं हुई है।

बीते वित्त वर्ष में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का पता चला है। ऐसे में जीएसटी आसूचना महानिदेशालय (डीजीजीआई) ने अनुपालन को बेहतर करने के लिए शुरुआती स्तर पर ही कर चोरी को पकड़ने के अपने प्रयासों को तेज किया है।

कर भुगतान का आकलन जारी

एक अधिकारी ने कहा, हम किसी क्षेत्र के लिए 'एंड-टू-एंड' विश्लेषण और आपूर्ति श्रृंखला में कर भुगतान का आकलन कर रहे हैं जिससे यह पता लगाया जा सके कि कोई ऐसी कड़ी तो नहीं छूट गई है, जिसमें कर का भुगतान नहीं हुआ है। डेटा विश्लेषण के तहत किसी क्षेत्र में कर भुगतान की पूर्ववर्ती उत्पाद एवं सेवा कर व्यवस्था के भुगतान से तुलना की जाती है।

जीएसटी प्रणाली हुई स्थिर

अधिकारी ने कहा, 'अब जबकि जीएसटी प्रणाली स्थिर हो गई है, हम इसे और सुव्यवस्थित करने का प्रयास कर रहे हैं। हम यह पता लगाना चाहते हैं कि क्या जीएसटी के तहत आने वाले सभी क्षेत्र करों के अपने हिस्से का भुगतान कर रहे हैं।" विश्लेषण के बाद अगर विभाग को लगता है कि कानून या शुल्क में कुछ बदलावों की आवश्यकता है, तो इसे अनुमोदन के लिए जीएसटी परिषद के समक्ष रखा जाएगा।

1.01 लाख करोड़ रु.के कर चोरी का पत्ता लगाया

एएमआरजी एंड एसोसिएट्स के वरिष्ठ भागीदार रजत मोहन ने कहा कि डीजीजीआई को उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने के लिए कई प्रौद्योगिकी उपकरणों के साथ सशक्त किया गया है। वित्त वर्ष 2022-23 में कर अधिकारियों ने 1.01 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का पता लगाया है।

सालाना आधार पर कर चोरी दोगुना हुई

सालाना आधार पर कर चोरी लगभग दोगुनी हो गई है। डीजीजीआई ने इस दौरान 21,000 करोड़ रुपये की वसूली की है।

- बीते वित्त वर्ष में एक करोड़ से अधिक की कर चोरी का पता चला
- शुरुआती स्तर में ही कर चोरी को पकड़ने के प्रयास तेज
- जीएसटी के तहत आने वाले सभी क्षेत्र क्या अपना भुगतान कर रहे

राजस्व बढ़ाने में मदद मिलेगी

अधिकारी ने कहा, 'डेटा विश्लेषण एक लंबी प्रक्रिया है, लेकिन विनिर्माण के चरण में ही जीएसटी चोरी की जांच करने के लिए यह जरूरी है। यह अनुपालन में सुधार सुनिश्चित करते हुए राजस्व बढ़ाने में मदद करेगा।'

रिलायंस रिटेल ने खिलौना विनिर्माण क्षेत्र में किया प्रवेश

- हरियाणा के फर्म के साथ स्थापित किया संयुक्त उद्यम
- ब्रिटेन का प्रसिद्ध ब्रांड हैमलेज का स्वामित्व रिलायंस रिटेल के पास

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस रिटेल और देशी खिलौना कंपनी रोवन ने खिलौने बनाने के लिए हरियाणा की एक फर्म के साथ संयुक्त उद्यम स्थापित किया है। गौरतलब है कि ब्रिटेन के प्रसिद्ध खिलौना ब्रांड हैमलेज का स्वामित्व रिलायंस रिटेल के पास है।

कंपनी ने खिलौनों का व्यापार बढ़ाने के लिए हरियाणा के सोनीपत स्थित सर्किल ई-रिटेल के साथ संयुक्त उपक्रम शुरू किया है। रिलायंस रिटेल के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) दिनेश तलूजा ने पिछले सप्ताह कहा, 'हमने खिलौनों के विनिर्माण के लिए सर्किल ई-रिटेल के साथ संयुक्त उपक्रम बनाया है।' सूत्रों के अनुसार, कंपनी अब खिलौनों के डिजायन से लेकर उन्हें दुकान तक पहुंचाने की प्रक्रिया को एकीकृत करने के लिए एक रणनीति पर काम कर रही है। इसके तहत रिलायंस रिटेल डिजायन और विनिर्माण से लेकर उत्पाद की खुदरा बिक्री तक समूची प्रक्रिया पर नियंत्रण कर लेगी।

रिलायंस के पास विनिर्माण व वितरण का लाइसेंस

इससे रिलायंस को विभिन्न चरणों में अन्य कंपनियों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलेगी। सर्किल-ई रिटेल को खिलौना विनिर्माण में विशेषज्ञता हासिल है। इसकी हरियाणा में एक आधुनिक विनिर्माण इकाई है और इसके पास कई तरह के खिलौनों के विनिर्माण और वितरण का लाइसेंस है।

के आर मंगलम विवि ने इंट्रा-स्कूल मास्टर माइंड प्रतियोगिता का आयोजन किया

नई दिल्ली। के आर मंगलम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ मेडिकल एंड एलाइड साइंसेज ने शुक्रवार को फिजियोथेरेपी और फार्मेसी विभागों के छात्रों की टीम बनाकर एक इंट्रा-स्कूल मास्टर माइंड-क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें छात्रों ने ज्ञान हस्तांतरण के लिए एक साझा मंच साझा किया जिससे उनमें जिज्ञासा पैदा करने का मार्ग प्रशस्त हुआ। छात्र। गतिविधि ने मूल्यांकन, सीखने के स्तर में सुधार और टीम निर्माण को बढ़ावा दिया। क्विज प्रतियोगिता में बीपीटी, बी.फार्मा, डी.फार्मा और एम.फार्मा के प्रत्येक वर्ष के छात्रों की कुल 10 टीमों ने भाग लिया। संकाय सदस्यों द्वारा छात्रों के एक समूह की पहचान की गई, प्रश्नोत्तरी के लिए प्रश्न तैयार किए गए जबकि छात्रों के एक अन्य समूह ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों को प्रेरित करना और आत्मविश्वास बढ़ाना, भागीदारी सीखने को बढ़ावा देना और छात्रों के बीच टीम भावना का निर्माण करना था। कार्यक्रम सोहना में के आर मंगलम विश्वविद्यालय के बी-ब्लॉक में हुआ। इसमें 40 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। दर्शकों और अन्य संकाय सदस्यों ने भाग लेने वाले छात्रों को उत्साहित और प्रेरित किया। विजेता टीम को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

सड़क मंत्रालय परिसंपत्तियों को बाजार में चढ़ा राशि जुटाएगा

- 2023-2024 में 35,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना, पिछले वित्त वर्ष के लिए लक्ष्य 32,855 करोड़ रुपये था

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की चालू वित्त वर्ष 2023-24 में अपनी परिसंपत्तियों को बाजार में चढ़ाकर (मौद्रीकरण के जरिये) 35,000 करोड़ रुपये जुटाने की योजना है। पिछले वित्त वर्ष के लिए यह लक्ष्य 32,855 करोड़ रुपये था। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी। फिलहाल मंत्रालय तीन तरीकों से अपनी संपत्तियों का मौद्रीकरण करता है। इनमें एक टोल-परिचालन-स्थानांतरण मॉडल है। इसके अलावा मंत्रालय अवसंरचना निवेश न्यास (इनविट) और परियोजना आधारित वित्तपोषण के जरिये अपनी संपत्तियों से धन जुटाता है। इसके पीछे मकसद यह होता है कि सभी श्रेणी के निवेशक राजमार्ग और संबद्ध परिसंपत्तियों में निवेश कर सकें। इनविट म्यूचुअल फंड की तर्ज पर एक ऐसा माध्यम है जिसे निवेशकों से धन जुटाने और संपत्ति में निवेश के लिए डिजाइन किया गया है। इसमें समय के साथ नकदी प्रवाह मिलता है। इसका अधिक ब्योरा देते हुए अधिकारी ने कहा 2023-24 में 15,000 करोड़ रुपये द्रुत गति के गलियारों के परियोजना आधारित वित्तपोषण से जुटाए जाएंगे।

राशिफल

मेष — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ेगा। वस्त्रों एवं वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे।

वृष — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। अपनी भावनाओं को वश में रखें। बातचीत में संयत रहें। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक एवं बौद्धिक कार्यों में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

कर्क — कारोबार में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

सिंह — मन में नकारात्मकता के विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार का साथ मिलेगा। आय की स्थिति में सुधार होगा। बातचीत में सन्तुलित रहें।

कन्या — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मानसिक शान्ति बनाये रखने के लिए प्रयास करें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

तुला — घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शांति रहेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

वृश्चिक — आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहेंगे। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। कार्यभार और आय में वृद्धि हो सकती है, परन्तु खर्च भी बढ़ेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

धनु — क्रोध से बचें। बातचीत में भी सन्तुलित रहें। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। घरेलू समस्याएं बढ़ेंगी।

मकर — परिवार का साथ रहेगा। बौद्धिक कार्यों में सफल रहेंगे। आय में वृद्धि होगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कुंभ — परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी, परन्तु स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

मीन — संयत रहें। आलस्य भी अधिक हो सकता है। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। सचेत रहें। वाणी में सौम्यता रहेगी।

बाजार पूंजीकरण में अधिक नुकसान इंफोसिस को हुआ

नई दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से आठ कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,17,493.78 करोड़ रुपये की गिरावट आई।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

सरकार जल्द करेगी खुदरा व्यापार नीति की घोषणा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में पंजीकृत व्यापारियों के लिए जल्द एक राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति और दुर्घटना बीमा योजना की घोषणा कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि प्रस्तावित नीति से व्यापारियों को बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा और साथ ही वे अधिक कर्ज भी ले सकेंगे। इस नीति में सस्ते और सुगम कर्ज, खुदरा व्यापार का आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण, वितरण श्रृंखला के लिए आधुनिक ढांचागत समर्थन, कौशल विकास और श्रम उत्पादकता में सुधार और एक प्रभावी परामर्श और शिकायत निपटान तंत्र का प्रावधान हो सकता है।

- जीएसटी पंजीकृत व्यापारियों के लिए बीमा योजना लाएगी

- व्यापारियों को बेहतर बुनियादी ढांचा उपलब्ध होगा

ज्यादा कर्ज के साथ मिलेगी अन्य सुविधाएं

अधिकारी ने कहा, 'सरकार न केवल ई-कॉमर्स में नीतिगत बदलाव की कोशिश कर रही है, बल्कि व्यापारियों के लिए एक राष्ट्रीय खुदरा व्यापार नीति भी ला रही है, जिससे कारोबार सुगमता की स्थिति बेहतर होगी, ढांचागत सुविधाएं उपलब्ध होंगी और व्यापारियों को ज्यादा कर्ज के साथ अन्य सुविधाएं भी मिलेंगी।'

एकल खिड़की तंत्र हो सकता है मंजूर

प्रस्तावित नीति के तहत, एक केंद्रीकृत और कंप्यूटरीकृत निरीक्षण प्रणाली के अलावा व्यापारियों के लिए एकल खिड़की मंजूरी तंत्र विकसित किया जा सकता है। व्यापारियों के संगठन कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने कहा कि खुदरा व्यापार नीति से निश्चित रूप से इस क्षेत्र को मदद मिलेगी।

भारत पांचवां सबसे बड़ा गंतव्य

भारत वैश्विक स्तर पर खुदरा क्षेत्र में दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा गंतव्य है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय वित्तीय सेवा विभाग के साथ मिलकर सभी जीएसटी-पंजीकृत खुदरा व्यापारियों के लिए एक बीमा योजना पर भी काम कर रहा है।

व्यापारियों के योगदान को मान्यता मिलेगी

खुदरा कारोबार अर्थव्यवस्था का एकमात्र क्षेत्र है जिसके लिए कोई नीति नहीं है। उन्होंने कहा कि व्यापारियों के लिए बीमा योजना से अर्थव्यवस्था में उनके योगदान को मान्यता मिलेगी।

शब्द पहेली - 5133



बाएँ से दाए
1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

ऊपर से नीचे
1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

शब्द पहेली - 5132 का हल

	अ	ह	म	क		जा	य	दा	द	
ल		क	म	र		न	म	न		अ
व	स		ता	त		का	ज		हा	र
कु	ली	न		ल	ह	र		रा	ज	मा
श	ब	न	म		म		आ	स	मा	न
			सा	फ	स	फा	ई			
अ	च	र	ज		फ		ना	ला	य	क
व	म	न		ह	र	म		ल	की	र
ता	न		स	ज		हा	र		न	त
र		क	र	म		व	ज	न		ब
	ग	फ	ल	त		त	क	दी	र	

सूडोकु नवताल - 5138

★★★★★ कठिनतम

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 5137 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7